समस्या | बकाया बिलों को लेकर विद्युत मंडल ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई, पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइनों के काटे कनेक्शन

# 7 गांवों की पानी सप्लाई ठप, पानी के लिए मचा हाहाकार



**नवभारत, बेलखाड़ू, जबलपुर।** गर्मी के इस भीषण दौर में ग्राम पंचायत बिलखरवा, बघोंडा, मोहास और ग्राम हरदुआ,ग्राम सिमरिया के ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत मंडल विभाग माढ़ोताल ने सख्ती दिखाते हुए बकाया बिलों का भुगतान न होने के कारण इन 7 गांवों की पानी टंकियों की बिजली सप्लाई कनेक्शन काट दिए , जिसके चलते रोजमर्रा की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है।

बताया जा रहा है कि नल-जल योजना के तहत गांवों में अनेकों घरेलू कनेक्शन हैं, जिनके उपभोक्ता का कहना है कि हर माह नियमित रूप से जल शुल्क जमा करते हैं। उधर विद्युत मंडल का कहना है कि बिजली बिल का भुगतान नहीं होने से विद्युत मंडल द्वारा कनेक्शन विच्छेद किए जाने का खामियाजा अब सीधे ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### वैकल्पिक व्यवस्था भी फेल

स्थिति और गंभीर इसलिए हो गई है क्योंकि गांवों में मौजूद वैकल्पिक जल स्रोत भी बंद पड़े हैं। अधिकांश हैंडपंप जर्जर अवस्था में हैं कहीं हवा फेंक रहे हैं तो कहीं से गंदा और बेकार पानी निकल रहा है। कई हैंडपंप पूरी तरह से जवाब दे चुके हैं, जिससे लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है।

### पीने के पानी को भटक रहे ग्रामीण

पिछले चार दिनों से नल-जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को पीने के पानी तक के लिए भटकना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के इलाकों में पानी की तलाश में जाना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

नाराज ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत मंडल और ग्राम पंचायत के बिल भुगतान का खामियाजा जनता तब भुगत रही जब भीषण गर्मी के दौर में पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। पूर्व के माह में विद्युत मंडल द्वारा कनेक्शन क्यों नहीं काटे गए गर्मी के मौसम में ताबड़तोड़ कार्यवाही कई की गई।

**इनका कहना है**

पहले शासन पंचायत विभाग से ग्राम पंचायत के वाटर सप्लाई के विद्युत बिलों का भुगतान ग्लोबल फंड सीधे विद्युत मंडल के खाते में जमा हो जाता था लेकिन फरवरी माह से यह राशि पंचायत विभाग द्वारा सीधे विद्युत मंडल को देना बंद कर दी गई और ग्राम पंचायत द्वारा बिल भुगतान के निर्देश जारी कर दिए गए। जिससे बिल जमा नहीं होने एवं माह मार्च क्लोजिंग होने से कनेक्शन विच्छेदन की प्रक्रिया मंडल द्वारा की गई।

**अमरजीत नोनिया, जूनियर इंजीनियर विद्युत मंडल**

## हनुमान जन्मोत्सव पर हिन्दू उत्सव समिति की वाहन रैली कल

**नवभारत, सिहोरा।** हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल एंव भव्य वाहन रैली का आयोजन कल 2 अप्रैल गुरुवार को किया गया है । जो सुबह 08,30 बजे बाबा शाला से प्रारंभ होकर मझौली बायपास,गाढिया मोहल्ला,

झंडा बाजार,आजाद चौक, गौरी तिराहा,नया बस स्टैंड से वापस बाबा शाला पहुंच कर कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,काल भैरव चौक,महावीर चौक,मैना कुआं, हरदौल मंदिर,बाबाताल से पेट्रोल पंप तिराहा, फोर लेन, पहरेवा कृषि उपज मंडी, खितौला बाजार, रेलवे फाटक से पान उमरिया रोड, पुलिस थाने के सामने, पर्वत वासनी खेर मां मंदिर से मंझगवा बायपास होकर,नरसिंह मंदिर,बारा मोहल्ला, तुलसी मानस मंदिर से पुन: रेलवे फाटक, खितौला बस स्टैंड,पेट्रोल पंप तिराहा से बाबाताल होते हुए पुराना बस स्टैंड सिहोरा में महा आरती एवं विशाल भंडारा प्रसादी के साथ हिंदू महाकुंभ के रूप में संपन्न होगी सम्पूर्ण रैली मार्ग को झंडों से सजाया गया है साथ ही समापन स्थल को भव्यता देने का प्रयास समिति द्वारा किया गया है।



रात 9 बजे का दृश्य

## लंबे समय से बंद पड़ा गंज खमरिया मोड़ का हैंडपंप

**नवभारत, बोरिया, जबलपुर।** ग्राम पंचायत बोरिया अंतर्गत बोरिया से गंज खमरिया सड़क मोड़ पर चंडी माता मढ़ीया के सामने पीएचई विभाग का शासकीय हैंडपंप स्थित है। जो लंबे समय से बंद पड़ा है। अन्य गांव से मोड़ तक आने वाले ग्रामीण एवं श्मशान घाट के लिए लिए इस हैंडपंप की महत्वत्ता है,अब जब भीषण गर्मी का दौर एवं पानी की आवश्यकता आन पड़ी है तब हैंडपंप बिगड़ा हुआ है। बोरिया के नागरिकों ने पीएचई विभाग से शीघ्र नल सुधारने की मांग की है।



## गैस की किल्लत व बिजली दरों में वृद्धि को लेकर प्रदर्शन

▸ कटंगी तहसीलदार को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, कटंगी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में मंगलवार को तहसील कटंगी में मोदी सरकार ओर प्रदेश की मोहन यादव सरकार की विफल नीतियों को लेकर, प्रदेश व जिले में गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता एवं बिजली दरों में अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि और डीजल, पेट्रोल की कमी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी एवं नगर कांग्रेस कमेटी कटंगी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा सौंपा गया।

इस दौरान कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष नेकनारायण सिंह, नगर अध्यक्ष पं सुरेन्द्र शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष बल्ला महाराज, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र नेमा , मंडलम अध्यक्ष मनीष चौरसिया , जिला उपाध्यक्ष जयंत जैन, कटंगी मीडिया प्रभारी रिक्कू सिघंई, जगदीश सोनी, शंभू सोनी , दिनेश जैन कार्डिनेटर नासिर खान, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष डॉ जहीर अहमद, युका विधानसभा अध्यक्ष ललित सोनी , बेरोजगार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्ष यासिर हनीफ खान, वार्ड नंबर 12 के अध्यक्ष शहीद जमादार ,जिला महासचिव फिरोज खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष शकील खान ,वरिष्ठ नेता हाजी अब्दुल समद खान, पूर्व पार्षद साहिद मसूरी, डॉ इसरार खान,तस्लीम खान,अयाज खान सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने कहा-नल-जल बनी 'दल-दल' योजना

गठौरा में न पानी, न सड़क, विकास के दावों की खुली पोल, एक साल से अधूरी पड़ी पाइप लाइन ने बढ़ाई मुसीबत




**मझौली, नवभारत।** जबलपुर जिले की जनपद पंचायत मझौली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गठौरा में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत विकास के दावों को मुंह चिढ़ा रही है। यहाँ 'हर घर जल' पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए वरदान के बजाय अभिशाप बन गई है।

आलम यह है कि गाँव में न तो पानी की सप्लाई शुरू हो सकी है और न ही खुदी हुई सीसी सड़क की मरम्मत की गई, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। गठौरा गाँव का यह मामला प्रशासनिक लापरवाही और अधूरी योजनाओं का अब जीवंत उदाहरण बन चुका है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी... या ग्रामीण यूं ही मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते रहेंगे?

### पाइप लाइन के नाम पर खोदी सड़क

ग्रामीणों के अनुसार करीब एक साल पहले नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ था। ठेकेदार ने पूरी सीसी सड़क खोद दी, लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद उसे व्यवस्थित ढंग से दुरुस्त नहीं किया गया। नतीजा यह है कि पिछले एक साल से मुख्य मार्ग जर्जर हालत में पड़ा है। कीचड़ और मलबे के कारण सड़क 'दल-दल' में तब्दील हो चुकी है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि इतनी मशक्कत और तोड़फोड़ के बावजूद आज तक ग्रामीणों को नल-जल योजना से एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ। यानी, योजना का लाभ मिलना तो दूर, गाँव वालों को दोहरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सरपंच-सचिव निष्क्रिय प्रशासन भी मौन

गाँव के निवासी हुकुम सिंह ने अपनी और ग्रामीणों की पीड़ा बयां करते हुए बताया कि ठेकेदार ने काम अधूरा छोड़ दिया है।नल-जल योजना के तहत गाँव में पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी। काम अधूरा छोड़ दिया गया और आज तक न तो सड़क बनाई गई और न ही पानी चालू हुआ। हमने कई बार सरपंच और सचिव को मौखिक रूप से कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। हुकुम सिंह के अनुसार, बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदारों की निष्क्रियता से ग्रामीणों को आवागमन और पेयजल दोनों के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### ठेकेदार और जिम्मेदारों की जवाबदेही पर सवाल

यह मामला सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अधूरा काम छोड़ने वाले ठेकेदार पर अब तक कोई दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? सड़क मरम्मत और पानी सप्लाई की जिम्मेदारी किसकी है, यह तय क्यों नहीं किया गया?

निगरानी में घोर लापरवाही से यह योजना पूरी तरह फेल साबित हो रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि योजनाएं कागजों में तो सफल हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बदतर हैं।

# दो दिनों के भीतर नहीं हुई कार्रवाई तो होगा आंदोलन

रैली निकालकर पहुंचे थाने, टीआई को सौंपा ज्ञापन, गौ तस्करी में लिप्त आरोपियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग



**नवभारत, सिहोरा।** पुलिस थाना गोसलपुर के अंतर्गत आने वाले माल्हा गांव में कुछ लोगो द्वारा इस समय बड़े लंबे समय से जबलपुर में कसाइयों को गाय बेची जा रही हैं और वहां खुलेआम गौ माता का कत्लेआम किया जा रहा है इस

आशय का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठनों के लोग बड़ी संख्या में इकठे होकर गोसलपुर की शंकर कॉलोनी से रैली निकालकर गौ हत्या बंद हो गौ तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो जैसे नारे लगाते हुए पुलिस थाना प्रांगण गोसलपुर पहुंचे जहां पर हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन हिंदूवादी संगठनों के बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी गोसलपुर गाजीवती कौसाम को ज्ञापन सौंप कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन में उल्लेख है की माल्हा गांव निवासी नेमचंद यादव द्वारा बड़े लंबे समय से चार पहिया वाहनों व अन्य वाहनो के माध्यम से गायों की तस्करी की जा रही है और जिन्हें जबलपुर में बेचा जा रहा है गौ हत्या कराई जा रही है इस संबंध में हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी ने टी आई गोसलपुर को अनेक साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं संगठन से जुड़े लोगों का कहना है की पूर्व में भी गोसलपुर पुलिस को इन आरोपियों के खिलाफ अनेक सबूत के साथ कार्रवाई की मांग की गई परंतु कार्रवाई शून्यवत रही जिससे आक्रोशित हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आज एकत्रित होकर रैली के रूप में नारा लगाते हुए थाने में प्रदर्शन किया इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी को थाना प्रभारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है वही संगठन के लोगों ने चेतावनी दी है की अगर आवेदन में उल्लेखित आरोपियों के ऊपर सख्त कार्रवाई दो दिन के भीतर नहीं की जाती तो हिंदूवादी संगठनों के द्वारा गोसलपुर थाने का घेराव किया जाएगा


**इनका कहना है**

थाना अंतर्गत माल्हा गांव में एक व्यक्ति की शिकायत प्राप्त हुई है इसके ऊपर आरोप लगाया गया है की यह गौ तस्करी करता है मामले की जांच की जा रही है उक्त व्यक्ति का पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है

**श्रीमती गाजीवती कोसाम, थाना प्रभारी गोसलपुर**

## राम कथा का श्रवण कर भाव विभोर हुए श्रोता

**सुकरी।** रेल्वे स्टेशन सुकरी मंगेला में चल रही राम कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर आज कथा वाचक श्री श्री 108 लोड़ा पहाड सिहोरा जिला जबलपुर के पूज्य कथा वाचक जी द्वारा नल एवं नील की कथा विस्तार पूर्वक श्रोता गणों को सुना कर भाव विभोर किया। इस अफसर पर ग्राम मंगेला के सम्माननीय अजय सिंह परिहार द्वारा पूज्यनीय कथा वाचक महराज को पुष्पो की माला से स्वागत किया एवं आर्शीवाद लिया इस अफसर पर विभिन्न ग्रामों के भक्तों ने राम कथा का आंनद लिया राम कथा में मुख्य रूप से अशोक पटेल जी बबलू सिंह राज पूत विजय सिंह राजपूत सुरेश तिवारी देवी सिह पटेल शिक्षक। गेंदलाल डेहरिया मुख्य रुप से उपस्थित रहे।





## विधिक जागरुकता शिविर में बताया जल का महत्व

**नवभारत सिहोरा।** मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन गोसलपुर में तहसील विधिक सेवा समिति सिहोरा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जिला न्यायाधीश सुधांशु सिंह एवं श्याम सुंदर झा द्वारा विश्व जल दिवस सप्ताह के अंतर्गत उपस्थित जनों को जल की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई एवं बताया गया की जल हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है हम सब मिलकर जल बचाएं जल हमारे लिए हमारे समाज के लिए हमारे देश के लिए हमारी प्रकृति के लिए अत्यंत आवश्यक चीज है हम सबको इसका संरक्षण करना है

जल की छोटी-छोटी बचत की आदतें हमारे लिए एक बड़ा भंडार बनाकर हमको देंगे कार्यक्रम में गोसलपुर के पंचायत प्रतिनिधि ग्रामवासी उपस्थित रहे पीएलवी राजकुमार नामदेव संजीव कुमार श्रीवास तहसील विधिक सेवा समिति से रवि शंकर वाल्मीकि अभिषेक तिवारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षक घनश्याम पटेल को दी विदाई

**नवभारत, सिहोरा।** संकुल केंद्र गांधीग्राम के अंतर्गत ग्राम धमकी में शिक्षा की मुख्य धारा से गरीब, आदिवासी और पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों को जोड़ने वाले समर्पित शिक्षक घनश्याम पटेल मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी विदाई के अवसर पर पूरा गाँव और विद्यालय परिवार भावुक नजर आया। उनकी पहचान एक ऐसे शिक्षक के रूप में रही है, जिन्होंने केवल स्कूल में ही नहीं, बल्कि घर-घर जाकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

**वरिष्ठ जनों की उपस्थिति-** इस भावुक विदाई बेला पर जुगल किशोर उपाध्याय, शिक्षक राजेन्द्र तिवारी, ओम दुबे, मनीष त्रिपाठी, उमाकांत पटेल, शिवदत्त मिश्रा, मनीष त्रिपाठी और योगेन्द्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## सेवानिवृत्ति पर हरिशंकर दुबे का सम्मान

**पनागर।** शासकीय माध्यमिक शाला बड़खेरा संकुल कुशनेर में पदस्थ हरि शंकर दुबे का सेवा निवृति समारोह विद्यालय के शेड में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विवेक पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष, अलकेश चतुर्वेदी, श्रीनिवास राव उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल, अन्य अतिथियों के रूप में सोनम कटारे विकास खंड शिक्षा अधिकारी पनागर,जगत सिंह मार्को संकुल प्राचार्य कुशनेर, हरमेश सेन बीआरसी पनागर,विनोद पटेल ब्लॉक साक्षरता प्रभारी, प्राचार्य विवेक जैन,रितेश झा,कविता दवे,संजय अवस्थी उपस्थित थे। पगड़ी बंधन मनोज पहलवान और मनीष पहलवान ने किया।

इस मौके पर शाला परिवार से अभिनंदन पत्र और गिफ्ट के साथ संकुल से शाला प्रभारियों और शिक्षकों के द्वारा हरि शंकर दुबे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चेतना सिंह, नीतू सोनी, दीक्षा पटेल,आशा मिश्रा, अरविन्द वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मीना कठौते, सुहाद्रा पाठक, मंगेश पटेल,संगीता पटेल, ममता दुबे, शैलेश मिश्रा, ब्रजेश वर्मा, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम चौधरी, रोशनी काछी, शीलेश सोनी, कमल सोनी, हेमलता परिहार, सारिका तिवारी, सोनम दुबे, शिवांगी पांडे आदि मौजूद रहे।

अपील | आरटीआई में गोलमोल जवाब देना पड़ा भारी, मझौली के युवक ने जिला पंचायत में की प्रथम अपील

# सूचना के अधिकार का मखौल उड़ा रहे जिम्मेदार...

**मझौली, नवभारत।** डिजिटल इंडिया और पारदर्शिता के दावों के बीच सरकारी दफ्तरों में सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ने का एक गंभीर मामला सामने आया है। मझौली निवासी शिवम साहू ने कलेक्टर कार्यालय जबलपुर द्वारा दिए गए 'अधूरे और भ्रामक' जवाब के खिलाफ प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर के समक्ष अपील दायर कर दी है। इस अपील ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर अधिकारियों द्वारा आवेदक को गुमराह करने के आरोप लगाए गए हैं।

अक्सर देखा जाता है कि रसूखदार विभागों में आरटीआई आवेदन को एक टेबल से दूसरी टेबल पर फुटबॉल की तरह घुमाया जाता है। शिवम साहू का यह कदम उन सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा है जो सरकारी सिस्टम की अपारदर्शिता से लड़ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिला पंचायत के अपीलीय अधिकारी इस मामले में न्याय करते हैं या लीपापोती।

### क्या है पूरा मामला?

वार्ड क्रमांक 10, मझौली निवासी शिवम साहू ने भ्रष्टाचार या जनहित से जुड़े किसी गंभीर मुद्दे पर (विवरण सुरक्षित) आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी। कलेक्टर कार्यालय (लोक सूचना शाखा) ने इसके जवाब में पत्र क्रमांक /85/लो.सू.शाखा/2025 दिनांक 23/03/2025 जारी किया। लेकिन, यह जवाब जानकारी देने के बजाय पहेली सुलझाने जैसा निकला।

### कानून का किया उल्लंघन

आरटीआई अधिनियम की धारा 6 और 7 के तहत समयबद्ध और स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है, जिसका यहाँ खुला उल्लंघन प्रतीत होता है। शिवम साहू ने प्रथम अपीलीय अधिकारी से मांग की है कि लापरवाह लोक सूचना अधिकारी को बिंदुवार जानकारी देने के लिए निर्देशित किया जाए। साथ ही, धारा 20 के तहत उन अधिकारियों पर जुर्माना और दंडात्मक कार्यवाही की जाए जिन्होंने भ्रामक जानकारी देकर कानून का मजाक बनाया है।

### कुछ इस तरह खड़े किए सवाल

आवेदक शिवम साहू ने अपनी अपील में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं जिसमें बताया गया है कि विभाग ने जवाब तो दिया है, लेकिन उसमें यह जिक्र ही नहीं किया कि किस आवेदन पर कार्रवाई की गई है। कानून कहता है कि जवाब स्पष्ट होना चाहिए, लेकिन यहाँ न आवेदन की तिथि बताई गई और न ही विषय। आवेदन को जिला पंचायत स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन इसका ठोस कारण नहीं बताया गया। अपील में स्पष्ट कहा गया है कि यह सब जानकारी देने से बचने और आवेदक को भटकाने के लिए किया गया है।